Need to create awareness regarding Ayushman Bharat Yojana among eligible beneficiaries

श्री सुनील कुमार पिन्टू **(सीतामढ़ी):** सभापति महोदय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य कवरेज के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा सितंबर, 2018 में आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई थी । यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जिसका एकमात्र लक्ष्य गरीब, वंचित एवं कम आय वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है । इस योजना के अंतर्गत लगभग 12 करोड़ परिवार अर्थात लगभग 55 करोड लाभार्थी शामिल हैं, जिसमें 40 प्रतिशत लोग जनसंख्या के निचले पायदान से हैं, कितु विडंबना यह है कि वही इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं । जागरूकता के अभाव में या अनभिज्ञता के कारण भूलवश त्रुटि होने पर लाभार्थी ही नहीं माने जाते । ऐसी स्थिति में मार्गदर्शन करने की बजाय अस्पताल उन्हें सेवाएं देने से मना कर देते हैं, जो कि उचित नहीं है । इससे योजना के साथ-साथ सरकार में भी उनका विश्वास कमजोर होता जाता है । इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों में योजना के प्रति जागरूकता लाई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनका समुचित इलाज किया जाए और दस्तावेज या भूलवश त्रुटि, जिसमें सुधार संभव है, को इलाज न करने का कारण न बनने दिया जाए । ऐसा होने पर ही योजना की सफलता सुनिश्चित होगी ।